From the house of HOME CABLE HOME NET

# होम टाइम्स हिंदी

साप्ताहिक शनिवार

FREE COPY

RNI No. MAHHIN/2016/75969 | Post Reg. No. MNE/410/2019-21 | Volume 8 | Issue 26 | Saturday, 23th September to 29nd September 2023 | Price ~~Rs 3~~

www.hometimes.in www.facebook.com/hometimes.in www.twitter.com/hometimes_news hometimes.in write2us@hometimes.in

# मुलुंड में गणेशोत्सव की धूम

■ होम टाइम्स टीम

पूरे महाराष्ट्र में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। हर जगह गणेश भक्तों द्वारा भगवान गणेश की बड़े ही भक्ति भाव से पूजा की जा रही है। मुलुंड भी सार्वजनिक और घरेलू गणपति उत्सवों से भरा हुआ है। यह त्यौहार मुख्य मार्गों के साथ-साथ गलियों में भी मनाया जाता है। इस उत्सव में जहां पुलिस प्रशासन द्वारा गणेश भक्तों की सुरक्षा की जा रही है, वहीं उन्होंने भगवान गणेश पर चढ़कर इस उत्सव में हिस्सा भी लिया है। पूरे मुलुंड में माहौल गणपतिमय हो गया है। हर जगह तरह-तरह के कार्यक्रम चल रहे हैं।

(शेष पेज २,३,४,५ पर)

**मुलुंड का महाराजा**

मुलुंड पश्चिम अंबिका नगर स्थित मुलुंड का महाराजा नाम से मशहूर है मंडल ने इस वर्ष १७ फीट की मूर्ति की स्थापना की है और बीते ५२ वर्षों से लगातार इसी तरीके से वह सार्वजनिक गणेश उत्सव का पर्व बनाते आ रहे हैं।





# मुलुंड में गणेशोत्सव की धूम



**आनंद मित्र मंडल**
(मालाबार हिलचा महाराजा)
१५ फीट की बप्पा की प्रतिमा स्थापित की गई है।



**मुलुंड का राजा**
मुलुंड गवानपाडा परिसर
वर्ष : ५७वां वर्ष, उंची : साडे १७ फीट
प्रमुखता : मंडल की ओर से कई सामाजिक कार्य किए गए



**ओम ग्रुप , मुलुंड पश्चिम**
वर्ष : २७ वां वर्ष
उंची : १० फीट
प्रमुखता : हजार लड्डू का भोग लगाया गया है।



**संतोषी माता मित्र मंडल**
मुलुंड एलबीएस मार्ग
वर्ष : ३२वां वर्ष
उंची : २२ फीट
प्रमुखता : एलबीएस के राजा के रूप में प्रसिद्ध हैं



**मुलुंडचा श्री**
मुलुंड पूर्व जीवी स्कीम रोड
वर्ष : ५७वां वर्ष, उंची : १९ फीट
प्रमुखता : लगातार इसी तरीके से बप्पा की मूर्ति स्थापित करते आ रहे हैं।



**केशव पाड़ा मित्र मंडल**
बीते ६९ वर्षों से की ओर से सार्वजनिक गणेश उत्सव मनाया जा रहा है इस वर्ष मंडल की ओर से १६ फीट की गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है।

# मुलुंड में गणेशोत्सव की धूम



**श्री गणेश मित्र मंडल पठाई बप्पा**
चंदन बाघ स्कूल स्थित
वर्ष : ५९वां वर्ष, उंची : १३ फीट
प्रमुखता : लाल किले की झांकी



**सरगम मित्र मंडल**
मुलुंड पश्चिम आर बी रोड
वर्ष : ५१, उंची : १० फीट की गणेश मूर्ति की स्थापना की गई है।



**नवयुवक मंडल**
कोठारी निवास, मुलुंड
वर्ष : ४०



**श्री बाल गोपाल मित्र मंडल**
मुलुंड पूर्व स्थित ९० फीट रोड
वर्ष : २३वां वर्ष, उंची : ११ फीट



**ध्रुव मित्र मंडल**
मुलुंड विश्वकर्मा नगर,वर्ष : ५०वां वर्ष
उंची : ७ फीट



**नीलम नगर गणेशोत्सव मंडल**
उंची : ५.३० फीट
प्रमुखता : भव्य सभागृह की झांकी



**सार्वजनिक उत्सव समिति मंडल**
मुलुंड पश्चिम जेएन रोड
वर्ष : ४०वां वर्ष, उंची : ६.५ फीट



**श्री गिरिराज मित्र मंडल**
नाहुर गांव
वर्ष : १५वां वर्ष, उंची : ८ फीट



**आजाद मित्र मंडल**
वर्ष : ४६वां वर्ष,
उंची : १३ फीट

# मुलुंड में गणेशोत्सव की धूम



**अजिंक्य मित्र मंडल**

वर्ष : ४६वां वर्ष, उंची : १६ फीट

प्रमुखता : इस मंडल की ओर से कई सामाजिक कार्य भी किए जाते हैं।



**अष्टविनायक मित्र मंडल**

अशोक नगर

वर्ष : ४७वें वर्ष, उंची : ५ फीट

प्रमुखता : वारकरी संप्रदाय की झांकी बनाई हुई है।



**शांति नगर रहीवासी संघ**

मुलुंड के पहले इको फ्रेंडली गणेश उत्सव के नाम से मशहूर शांति नगर रहीवासी संघ की ओर से आइसलैंड बनाकर यहां फाइबर के बप्पा की मूर्ति स्थापित की गई है। बढ़ रहे ग्लोबल वार्मिंग के चलते कुदरत की खूबसूरती के नाश होने और उससे नागरिकों को बचाने का संदेश देते हुए इस वर्ष यह थीम रखी गई है।



**नवघर पुलिस स्टेशन**

नवघर पुलिस स्टेशन में भी बप्पा को विराजमान किया गया है जहां पुलिस अधिकारी एवं पुलिस कर्मचारी विघ्नहर्ता की पूजा अर्चना विधि विधान से करते देख रहे हैं।



**मुलुंड पश्चिम पुलिस स्टेशन**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुलुंड पश्चिम पुलिस स्टेशन में बप्पा की मूर्ति स्थापित की गई है और पूरे मुलुंड पुलिस स्टेशन में रोशनी की गई है



**शिव प्रेरणा मित्र मंडल ( टाटा कॉलोनी का विघ्नहर्ता)**

वर्ष : ३४वां वर्ष, उंची : ५ फीट

प्रमुखता : यहां केदारनाथ की झांकी बनाई है।



**शिव सहयाद्री मित्र मंडल**

मुलुंड पाइपलाइन के पास, वर्ष : २२वा

प्रमुखता : कैलाश पर्वत बनाकर बप्पा को विराजमान किया गया है



**स्वागत मित्र मंडल**

वर्ष : २८वां वर्ष, उंची : १० फीट

प्रमुखता : गरुड़ पर बप्पा को विराजमान किया गया है।



**विश्व शांति सामाजिक संस्था मित्र मंडल**

मुलुंड पश्चिम स्थित

वर्ष : २७वां वर्ष, उंची : १२ फीट

# मुलुंड में गणेशोत्सव की धूम



**महाराष्ट्र मित्र मंडल**
मुलुंड पश्चिम
वर्ष : २९वां वर्ष, उंची : १४ फीट



**मुलुंड चा विघ्नहर्ता**
वर्ष : ५३वां वर्ष, उंची : १८ फीट
पहली बार १९७० में सार्वजनिक गणेश उत्सव मनाया गया था।



**साईंनाथ मित्र मंडल**
साईं नाथ नगर
वर्ष : १६वां वर्ष, उंची : १६ फीट



**अचानक मित्र मंडल**
मंडल ओर से साढ़े ५ फुट की बप्पा की मूर्ति स्थापित की गई है। यह उनका तीसरा साल है।



**आदर्श तरुण मित्र मंडल**
सिद्धार्थ नगर, उंची : ८ फीट। भगवान शिव के हाथों में विराजमान हुए बप्पा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है।



**श्री केसरी मित्र मंडल मुलुंड पूर्व**
उंची : १० फीट
प्रमुखता : पहला ऐसा मंडल है जो पेपर की बप्पा की मूर्ति स्थापित करते आ रहे है।



**शिवाय मित्र मंडल**
मुलुंड पश्चिम देवी दयाल रोड पर मुलुंड चा शिवाय के नाम से मशहूर शिवाय मित्र मंडल की ओर से कैलाश पर्वत बनाकर भगवान शिव के त्रिशूल में बप्पा झूलते नजर आ रहे हैं। इस मंडल का यह पहला साल है।



**श्री हनुमान सेवा मंडल**
मुलुंड विजयनगर परिसर
वर्ष : १६वां वर्ष, उंची : ६ फीट
प्रमुखता : पूरी सजावट इको फ्रेंडली तरीके से की गई है।



**सूर्य यूथ फाउंडेशन**
सूर्य यूथ फाउंडेशन का यह पहला साल है जहां मुलुंड पश्चिम डंपिंग रोड पर बप्पा को विराजमान किया गया है। यहां ५ फुट की मूर्ति स्थापित की गई है।

क
र्ष
की
है।

# संपादकीय

हिमांशु कोठारी

## हे बाप्पा सभी को सद्बुद्धि

इस समय पूरे देश में गणेश उत्सव की रेलचेल है। यह त्यौहार महाराष्ट्र राज्य के गांवों में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। पूरे राज्य में गणेश भक्तों की एक बड़ी लहर देखी जा सकती है। इस त्यौहार की शुरुआत १९ सितंबर को हुई थी। भक्ति और उत्साह के माहौल के बाद १०वें दिन यानी २८ सितंबर को इसका समापन होगा। यह दस दिन की अवधि न केवल भक्तों के उत्साह को बढ़ाएगी, बल्कि पिछले वर्ष की नकारात्मक प्रवृत्तियों को भी दूर करेगी। साथ ही उन्हें विश्वास है कि आने वाला वर्ष सभी भक्तों के लिए उत्साह, समृद्धि, सुख, समृद्धि और स्वस्थ समृद्धि लेकर आएगा। कोरोना महामारी के बाद पहली बार यह त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष घरगुती बाप्पा की स्थापना करने वाले परिवारों में भी हर्षोल्लास देखा गया। दस दिनों की विधिवत भक्ति, पूजा के बाद भक्त २८ सितंबर को नम आँखों से मुम्बईकर अपने प्यारे बप्पा को विदाई देंगे । लेकिन ये सब करते समय भक्तों को कई बातों का ध्यान रखना काफी जरूरी है, क्योंकि अक्सर खुशियों के बीच हमसे जाने-अनजाने में कई गलतियां हो जाती हैं। गणेशोत्सव के दौरान ज्यादातर जगहों पर वाद्य यंत्रों की कर्कश ध्वनि सारे उत्सव की शालीनता एवं भक्ति समाप्त कर देती है। इस तरह की तेज आवाज से काफी ध्वनि प्रदूषण होता है। जो आजकल के कई पंडालों में देखने को भी मिल रहा है। इस प्रकार का ध्वनि प्रदूषण मंडल के साथ-साथ घर में गणपति स्थापित करने वाले भक्तों से भी अनजाने में फैल रहा है। इस प्रदूषण के कारण अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों और अदालतों जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों को काम करने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार, यातायात नियमों के उल्लंघन के भी कई रूप हैं, जैसे कुछ उत्साही भक्तों द्वारा जुलूस के दौरान अश्लील इशारे करना, दूसरों पर गुलाल फेंकना, नशीली दवाओं के प्रभाव में नृत्य करना, पारंपरिक वाद्य यंत्रों का उपयोग किए बिना तेज संगीत वाद्ययंत्र बजाना, ट्रैफिक जाम हो ऐसा व्यवहार जानबूझकर करते है । नो-एंट्री लेन में जान बूझकर वाहन चलकर ट्रैफिक के नियम तोड़े जाते है। इन सब हरकतों की वजह से वर्ष में एक बार होने वाला भक्तिमय गणेश उत्सव धूमिल होता जा रहा है। इसी तरह, भले ही सरकार ने गणेश उत्सव को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाने की अपील की है, लेकिन अधिकांश भक्तों ने इस अपील को नजरअंदाज कर दिया है क्योंकि कई जगहों पर प्लास्टर ऑफ पेरिस से सजावट की गई हैं। सजावट के लिए पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों का उपयोग किया गया है। इसलिए इस साल भी यह सामग्री प्रदूषण बढ़ाने में योगदान देगी। इसे अब रोकना जरूरी है क्योंकि उपलब्ध जल संसाधन धीरे-धीरे कम होते जा रहे हैं। नदियों, कुओं और झीलों में जल प्रदूषण बढ़ रहा है। मिट्टी में न नष्ट होने वाले प्लास्टिक जैसी चीजें शामिल होने लगी हैं। इससे मिट्टी की ताकत कम होने लगी है। इसका परिणाम झाड़ियों पर दिखने लगा है। यदि हम इसे और प्रकृति को नष्ट करने वाली कई अन्य चीजों को रोकना चाहते हैं, तो हमें अपनी जिम्मेदारी को पहचानना होगा और कार्य करना होगा क्योंकि यह पृथ्वी अब गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार बर्दाश्त नहीं कर सकती। बेशक, इससे इंसानों को सबसे ज्यादा नुकसान होगा। इसलिए, यदि इस क्षति से बचना है और इस पृथ्वी को उसका पूर्व गौरव लौटाना है तो मानव जनित प्रदूषण को रोकना आवश्यक है। इसलिए इस साल भी गणेश विसर्जन करते समय इस तरह के व्यवहार से बचना चाहिए। हमारी संस्कृति को बचाए रखने के लिए यह जरूरी है।' पांच, सात और दस दिन के बाप्पा को अलविदा कहते समय प्रदूषण न करने की जिम्मेदारी हमारी है। क्योंकि सबका विघ्न हरने वाले ये बाप्पा कम से कम इस वर्ष से प्रदूषण का विनाशक बनें, ये हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए जरूरी है कि मूर्ति विसर्जन के लिए आने वाले सभी लोग अनुशासन का पालन करें ,उम्मीद है कि विसर्जन स्थल तक आने-जाने वाले जुलूस के कारण सड़क पर वाहनों की कतारें और ट्रैफिक जाम नहीं होगा। विसर्जन के लिए मूर्ति के साथ लाए गए निर्माल्य को पानी में न डालकर निर्माल्य कलश में जमा करना चाहिए ताकि निर्माल्य का उपयोग खाद के रूप में किया जा सके और इसका उपयोग पेड़ों के लिए किया जा सके। यदि संभव हो तो मूर्तियों को महानगर पालिका द्वारा बनाए गए कृत्रिम तालाब में विसर्जित किया जाना चाहिए या विसर्जन के लिए लाई गई मूर्तियों को नगर पालिका कर्मचारियों, संगठनों के कार्यकर्ताओं को दे दिया जाना चाहिए, उन्हें दान कर दिया जाना चाहिए ताकि ये लोग मूर्तियों को कृत्रिम तालाब में विसर्जित कर सकें। जुलूस में नाचते समय किसी प्रकार की अभद्रता न की जाए। जुलूस पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि या ताल मृदुंगा की ध्वनि के साथ निकाला जाना चाहिए। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस जल्दी आओ ऐसा उद्घोष कर विसर्जन स्थल पर अनुशासन में रहें और परिवार का ख्याल रखें। आरती के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग किए बिना बस अपनी आवाज में आरती करें और अपने प्यारे बप्पा को अलविदा कहें, कि अगले साल वह ख़ुशी ख़ुशी आपके घर पधारे ।

# मुलुंड में ४० किलो साबूदाना से बनाई गई भव्य रंगोली



■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड में ४० किलो साबूदाना से भगवान गणेश की भव्य रंगोली बनाई गई है। जो की मुलुंड करो के साथ साथ अन्य नागरिकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनती जा रही है। मुलुंड पश्चिम स्थित वर्धमान नगर स्थित उमया महल के ग्यारवे मंजिल पर या रंगोली बनाई गई है।

मुलुंड में साबूदाना गणेश नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनती जा रही है। बीते ६३ वर्षों से इसी तरीके से रंगोली बनाने की परंपरा को भूपेश जोशी, अर्चना पलन, भावना भानुशाली, डॉक्टर चेतन कोटक यह सब सहकारियों के साथ मोहन कुमार दोड़ेचा के साथ मिलकर ही रंगोली बनाते हैं। जेष्ठ कलाकार एसएम पंडित की प्रेरणा से मोहन कुमार की ओर से यह रंगोली बनाने की शुरुआत की गई। और तब से हर साल लगातार यह रंगोली बनाई जा रही है और इस रंगोली को देखने के लिए १० हजार से अधिक नागरिक एवं श्रद्धालु अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। इस रंगोली को बुक ऑफ रिकॉर्ड, गिनीज बुक का वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ ही अन्य कई रिकॉर्ड भी जीता गया है। ३०० से अधिक रंगों की सहायता से यह भव्य रंगोली बनाई गई है। इस रंगोली को देखने के बाद इसे बनाने के लिए धैर्य की आवश्यकता है यह स्पष्ट होता है। एक रंग खराब होने के करण पूरी रंगोली पर इसका असर देखने को मिल सकता है। ब्रह्मा और श्री गणेश की पौराणिक कथा पर आधारित इस बार यह भव्य रंगोली बनाई गई है। ६ बाय ७ फूट की यह रंगोली बनाई गई है। जो २५ सितंबर तक पूरी हो जाएगी और ८ अक्टूबर तक नागरिक इसका लाभ उठा सकते हैं।

# विसर्जन घाट पर बैनर लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

## विसर्जन स्थलों पर मनपा और पुलिस प्रशासन की पैनी नजर

■ **होम टाइम्स टीम**

अगर आप विसर्जन झील क्षेत्र में बैनर लगाएंगे तो आपको पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इससे बैनर लगाने वालों में पालिका प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। नगर निगम और पुलिस प्रशासन मुलुंड पूर्व और पश्चिम में बैनर लगाने वालों पर पैनी नजर बनाए रखे हुए हैं।

गणेश चतुर्थी के दौरान गणेश विसर्जन के लिए नगर निगम प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। जिसमें कृत्रिम झील और प्राकृतिक झील समेत सात झीलों में गणेश विसर्जन की व्यवस्था की गई है।. इस विसर्जन तालाब के पास अक्सर राजनीतिक नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा बड़ी संख्या में बैनर लगाए जाते हैं। कई कंपनियों द्वारा विज्ञापन भी बनाये जाते हैं। लेकिन इस साल महानगर पालिका और पुलिस प्रशासन ऐसे विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करने को तैयार है। मुलुंड पुलिस ने डेढ़ दिवसीय गणपति विसर्जन से पहले मुलुंड पूर्व में कुछ विसर्जन तालाबों के पास लगाए गए अवैध बैनर हटा दिए हैं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि ऐसे सार्वजनिक स्नान स्थलों पर बैनर फहराने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डंपिंग ग्राउंड पर इस तरह के बैनर लगाने से न केवल साइट ख़राब होती है बल्कि बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा भी पैदा होता है। एक बार जब ये बैनर इस स्थान पर रख दिए जाते हैं, तो बैनरों को भी नजरअंदाज कर दिया जाता है। इससे यह क्षेत्र काफी कुरूप दिखने लगता है । प्रशासन की ओर से दिए गए नियमों के मुताबिक चेतावनी दी गई है कि विसर्जन स्थलों पर कोई भी विज्ञापन बैनर नहीं लगाए जाएंगे। इससे विज्ञापनदाताओं में नाराजगी है।

# मुलुंड पूर्व में एक गोदाम से लाखों रुपये का सामान चुराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## चोरी का मुद्देमाल किया जप्त

■ **होम टाइम्स टीम**

नवघर पुलिस ने पिछले सप्ताह मुलुंड पूर्व के एक गोदाम से लाखों रुपये का सामान चुराने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। फिलहाल तीनों आरोपी हिरासत में हैं।








११ सितंबर को मुलुंड पूर्व के एक गोदाम से निर्माण में प्रयुक्त लाखों रुपये के सामान की चोरी का मामला नवघर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। इसके बाद नवघर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। नवघर पुलिस ने ६० से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों के नाम २५ वर्षीय समीर, २६ वर्षीय विकास परिदा और ३३ वर्षीय दिनेश स्वैन हैं। इन आरोपियों के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। तीनों ओडिशा के मूल निवासी हैं। परिमंडल ७ के पुलिस उपायुक्त पुरूषोत्तम कराड और नवघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दत्ताराम गिराप के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक जयवंत संकपाल, पुलिस निरीक्षक संतोष धाडवे, पुलिस निरीक्षक शिवकुमार वाकचोरे, पुलिस कांस्टेबल सुरेश पाटिल, पुलिस कांस्टेबल संतोष गुट्टे ने यह कार्रवाई की। आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस कांस्टेबल मंगेश दंडगवाहड, महिला पुलिस कांस्टेबल अश्विनी काले शामिल रहे।

# तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

## नवघर पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया

■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी जब मुलुंड पूर्व इलाके में एक इमारत को तोड़ते समय एक मजदूर तीसरी मंजिल से गिर गया। पुलिस ने इस घटना में मजदूर को जरूरी सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराने का आरोप लगाते हुए ठेकेदार और बिल्डिंग मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

अब्दुल रकीब खान हमेशा की तरह मुलुंड के ट्रांसलेशन कैंप इलाके में एक इमारत की तीसरी मंजिल पर तोड़फोड़ का काम कर रहे थे। १८ सितंबर को शाम ५:३० बजे के बीच काम करते समय अब्दुल ने अपना संतुलन खो दिया। स्लैब टूटकर वह फर्श पर आ गिरा। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें घाटकोपर के राजावाड़ी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इसकी जानकारी अब्दुल के भाई को दी गई। जब उसके भाई ने साइट पर अन्य श्रमिकों से इस संबंध में पूछा, तो अब्दुल खान को ठेकेदार द्वारा कोई सुरक्षा सामग्री नहीं दी गई थी जब वह काम कर रहा था। इसलिए, जब अब्दुल खान के भाई ने नवघर पुलिस स्टेशन में ठेकेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, तो नवघर पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारी ने जांच की और ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया। अब्दुल मुस्तकी खान और बिलाल मोहम्मद दोनों के खिलाफ नवघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। अक्सर निर्माण स्थलों पर श्रमिकों को हेलमेट और हार्नेस लाइफ जैकेट जैसे सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए बिना खतरनाक परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके कारण पहले भी कई श्रमिकों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की घटनाएं घट चुकी हैं। इसी पृष्ठभूमि में, आशा करते हैं कि मुलुंड पुलिस स्टेशन में दर्ज यह मामला अन्य निर्माण ठेकेदारों के लिए एक सबक होगा।

Volume : 8 | Issue : 26 होम टाइम्स

# घर से घुस कर की गई २ लाख से अधिक के सोने के जेवरात की चोरी

■ **होम टाइम्स टीम**

घर में घुस कर २ लाख से अधिक के सोने की जेवरात की चोरी कर फरार होने का मामला मुलुंड पूर्व में सामने आया है। इस घटना के सामने आने के बाद नवघर पुलिस की ओर से तकनीकी जांच की मदद लेकर आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार भास्कर शिकवलकर नवघर रोड का रहिवासी है। १५ तारीख की शाम पीड़ित अपनी पत्नी के साथ किसी निजी काम से मार्केट गया था। कुछ समय बाद जब पीड़ित का बेटा घर लौटा, तब उसने देखा कि दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। इसकी जानकारी तुरंत पीड़ित के बेटे ने अपने पिता को दी और घर के अंदर जाने के बाद भास्कर ने देखा कि घर की तिजोरी का दरवाजा भी खुला है और उसके भीतर रखे गए सोने के जेवरात गायब है। जिसमें ९० हजार रुपए कीमत के ३० ग्राम के सोने का मंगलसूत्र, १५ हजार रुपए कीमत के ५ ग्राम के कान की बाली, ३० हजार रुपए कीमत के १० ग्राम के सोने का नेकलेस, और ३० हजार रुपए कीमत के ५ ग्राम के अंगूठी के साथ-साथ तीन ग्राम के दो सोने की अंगूठी, ५ ग्राम के सोने की चेन, १२ हजार रुपए कीमत के ४ ग्राम का सोने का ब्रेसलेट, ५ हजार रुपए नगद और टाइटन की दो घड़ी गायब थी। जिसकी कुल कीमत २ लाख २६ हजार रुपए बताई जा रही है। इस घटना के सामने आने के बाद शिकायतकर्ता की ओर से नवघर पुलिस स्टेशन का रुख अपनाया गया और घटना की जानकारी दी गई। फिलहाल नवघर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा ३८० के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# महिला आरक्षण हल होने से भाजपा महिला में खुशी का माहौल




## नई संसद में नारी शक्ति को सलाम

नई संसद में महिला विधेयक पारित होने के बाद मोदी सरकार को धन्यवाद देने के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने मुलुंड पूर्व में अपने केंद्रीय कार्यालय के बाहर नारे लगाए। तेज बारिश में महिलाओं ने फुगड़ी खेलकर महिला आरक्षण बिल पास होने पर खुशी जताई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया. यह जश्न बीजेपी महिला मोर्चा की महासचिव रश्मी जाधव के नेतृत्व में मनाया गया।

# 1 अक्टूबर से सभी जरूरी कामकाज में जन्म प्रमाण पत्र होगा अनिवार्य

## केंद्र ने लिया फैसला

■ **होम टाइम्स टीम**

जन्म और मृत्यु का एक डाटा केंद्र और राज्य स्तर पर तैयार करने के उद्देश्य से १ अक्टूबर से सभी जरूरी कामकाज में जन्म प्रमाण पत्र को अनिवार्य कर दिया गया है। केंद्र की और से जारी किए गए आदेश के बाद अब आने वाले दिनों में जन्म प्रमाण पत्र का महत्व बढ़ जाएगा।

जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, २०२३ को देशभर में १ अक्टूबर २०२३ से लागू किया जाने वाला है। जिसके चलते अब आने वाले दिनों में जन्म प्रमाण पत्र का महत्व बढ़ जाएगा। इस सिंगल डॉक्यूमेंट को आप कई कार्यों जैसे स्कूल और कॉलेज में एडमिशन, ड्राइविंग लाइसेंस के लिए एप्लीकेशन, वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने, आधार रजिस्ट्रेशन, शादी के रजिस्ट्रेशन या सरकारी नौकरी में बिना किसी परेशानी के अप्लाई कर सकते है। इस बिल को लागू करने के पीछे मुख्य वजह यह बताया जा रहा है कि नागरिकों के जन्म और मृत्यु का एक डाटा केंद्र और राज्य स्तर पर तैयार किया जा सके। आप को बता दें की इस बिल को लोकसभा में १ अगस्त और राज्यसभा में ७ अगस्त २०२३ को पास किया गया था। जिसके बाद अब केंद्र सरकार ने इस पर नोटिफिकेशन जारी करके नए नियमों को १ अक्टूबर से लागू करने का ऐलान कर दिया है।

# ओएलएक्स पर गिटार बेचना मुलुंड निवासी को पड़ा महंगा, गवाएं ४ लाख से अधिक रुपए

■ होम टाइम्स टीम

ओएलएक्स पर मुलुंड निवासी को अपना गिटार बेचना काफी महंगा साबित हुआ है। अज्ञात व्यक्ति की ओर से इस गिटार को खरीदने का करण देकर कर क्यू आर कोड भेजने और इस कोड के जरिए मुलुंड निवासी से चार लाख से अधिक की ठगी करने का मामला नवघर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। फिलहाल मामले की अधिक जांच नवघर पुलिस की ओर से की जा रही है

नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता प्रतीक मोकाशी मुलुंड पूर्व का रहिवासी है। ४ सितंबर को शिकायतकर्ता की ओर से अपना पुराना गिटार ओएलएक्स ऐप पर ४ हजार ५०० रूपये में बेचने का एक प्रचार अपलोड किया गया था। जिसके बाद कार्तिक शर्मा नामक व्यक्ति ने पीड़ित से संपर्क किया और गिटार लेने की बात कही। इसके बाद राहुल की ओर से पीड़ित के मोबाइल नंबर पर एक क्यूआर कोड भेज गया और शिकायतकर्ता से कहा गया कि इस कोड को स्कैन करने के बाद पीड़ित के अकाउंट में पैसे आ जाएंगे। हालांकि जब पीड़ित ने इस कोड को स्कैन किया तब पीड़ित के अकाउंट से ४९९८ रुपए डेबिट हो गए। इसकी जानकारी मिलने के बाद जब शिकायतकर्ता ने राहुल से इस संदर्भ में बात की, तो राहुल ने बताया कि गलती से वह पैसे शिकायतकर्ता के अकाउंट से डेबिट हो गए हैं। कुछ समय बाद राहुल की ओर से दोबारा से एक स्कैनर शिकायतकर्ता को भेजा गया और एक बार फिर शिकायतकर्ता के अकाउंट से ५ हजार रुपए कट गए। ठगे हुए पैसे को दोबारा से पीड़ित के अकाउंट में क्रेडिट करने के बहाने हर बार शिकायतकर्ता से हजारों रुपए ठगे गए। अंत में जब शिकायतकर्ता को उसके पैसे नहीं मिले तो शिकायत करता ने नवघर पुलिस स्टेशन में जाकर घटना की जानकारी दी और पुलिस को बताया कि अब तक उसे कल ४ लाख से अधिक की ठगी की जा चुकी है। फिलहाल नवघर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा ३४, ४२० और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की अधिक जांच जारी है।

## जबरन गणपति चंदा लेने वाले दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

### नवघर पुलिस ने की कार्रवाई

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पूर्व में एक प्रसिद्ध गणेशोत्सव मंडल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ चंदे के लिए धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में फेरीवाले को मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा चंदा देने के लिए मजबूर किया जा रहा था। इसके बाद फेरीवाले की ओर से मुलुंड नवघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया है। मुलुंड के नवघर पुलिस स्टेशन सीमा में स्थित एक प्रसिद्ध गणेशोत्सव मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा यह कार्य किया गया है। जिसमें मुलुंड म्हाडा कॉलोनी क्षेत्र में उक्त विक्रेता अपने सामान्य काम में व्यस्त था तब कार्यकर्ता ने उससे चंदा क्यों नहीं दिया इस इस बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। उक्त विक्रेता ने पहले ही अपने घर के साथ-साथ अपनी दुकान से भी चंदा दिया था । लेकिन राकेश जाधव और प्रतीक वाकचौरे दोनों ने गणपति का २००० रुपये चंदा देने के लिए उनसे संपर्क किया और चंदे का भुगतान न करने पर उन्हें फोन पर धमकी दी। इसके बाद विक्रेता ने दोनों के खिलाफ नवघर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शुरुआती तौर पर दोनों के खिलाफ गैर-चार्जेबल मामला दर्ज किया है। सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल गणेश मूर्ति की स्थापना और उनकी सजावट के लिए होने वाले खर्च को विभाग के नागरिकों से चंदे के रूप में एकत्र करता है। लेकिन कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा जबरन चंदे की रसीदें देकर नागरिकों और दुकानदारों से अत्यधिक चंदा एकत्र किया जाता हैं। ऐसे मामले पहले भी हो चुके हैं. इसलिए लोग यह राय व्यक्त कर रहे हैं कि ऐसे गणेश मंडल के कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## बकाया बिजली बिल का मैसेज भेज कर एक बार फिर मुलुंड निवासी से की गई लाखों की ठगी

■ होम टाइम्स टीम

बकाया बिजली बिल भरने और इसे अपलोड नहीं करने के चलते एक बार फिर मुलुंड निवासी से ८ लाख रुपए की ठगी करने का मामला मुलुंड पश्चिम में उजागर हुआ है। एक तरफ जहां मुलुंड पुलिस इस मामले की अधिक जांच में छूट गई है तो दूसरी तरफ नागरिकों से भी अपील की गई है कि इस तरीके के फर्जी लिंक पर क्लिक न करें और वित्तीय लेनदेन से पहले सावधानी बरते।

मुलुंड पुलिस से मिल रही जानकारी के पीड़ित नवघर रोड का निवासी है। शिकायतकर्ता १६ सितंबर को मुलुंड मके व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया। जिसमें लिखा गया था कि बिजली बिल नहीं भरने के कारण रात ९:३० बजे से उनकी बिजली आपूर्ति काट दी जाएगी। हालांकि पीड़ित ने संबंधित व्यक्ति को कॉल करके बताएं कि उसने बिजली का बिल भर दिया है। जिसके बाद एक नए नंबर से फोन करके पीड़ित को बताया गया कि भरा हुआ बिजली बिल अपडेट नहीं किया गया है और इस काम के लिए उसे दोबारा से एक वेबसाइट पर जाकर बिजली बिल अपडेट करना होगा। इस वेबसाइट का लिंक भी पीड़ित के मोबाइल नंबर पर भेज दिया गया था। इस लिंक पर क्लिक करने के बाद जैसे ही पीड़ित ने अपने बैंक अकाउंट से जुड़ी जानकारी डाली, पीड़ित के अकाउंट से ६ बार में कुल ८ लाख से अधिक रुपए कट गए। इसके बाद पीड़ित को एहसास हुआ कि उसे ठगा गया है और पीड़ित ने मुलुंड पुलिस स्टेशन में जाकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। फिलहाल मुलुंड पुलिस मामले की अधिक जांच में जुट गई है।

## घर देने के नाम पर की गई मुलुंड निवासी से १० लाख रुपए की ठगी

### नवघर पुलिस ने शुरू की जांच

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पूर्व में एक व्यक्ति को घर देने के नाम पर उससे १० लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर फिलहाल नवघर पुलिस मामले की अधिक तहकीकात कर रही है।

नवघर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ३१ वर्षीय चंदन बेलदार मुलुंड पूर्व का रहिवासी है। शिकायतकर्ता को नए घर की तलाश थी और इसी बीच चंदन ने बेलदार परिवार से संपर्क किया। जहां पर श्याम राज जी बेलदार ने शिकायतकर्ता को बताया कि जिस इमारत में वो रहता है उसी इमारत में एक घर है। जिसे वह २२ लाख रुपए में बेचना चाहता है। घर के पूरे कागजात की जांच करने के बाद चंदन की ओर से श्याम राज जी बेलदार को १ लाख नगद और १ लाख रुपए चेक के रूप में दिया गया। इसके बाद २७ जनवरी २०२३ को चंदन की ओर से ८ लाख रुपए दोबारा से श्याम राज जी बेलदार को दिए गए। फरवरी २०२३ में ज्ञानदीप पतसंस्था के अधिकारियों ने मिलकर इस घर को नोटिस देना शुरू कर दिया। इस बारे में अधिक जानकारी लेने के बाद चंदन को पता चला कि बेलदार परिवार की ओर से इस घर को गिरवी रखकर १० लाख रुपए का कर्ज लिया गया है। जिस पर ३ लाख रुपए का ब्याज भी चढ़ चुका है। इस रूम पर कर्ज लेने की बात छुपाने पर जब चंदन ने दिए हुए १० लाख रुपए बेलदार परिवार से वापस मांगे तब बेलदार परिवार चंदन की बातों को नजरअंदाज करने लगे। कई महीने इंतजार करने के बाद जब चंदन को उसके पैसे नहीं मिले तब चंदन ने सीधे नवघर पुलिस स्टेशन में जाकर घटना की जानकारी की। फिलहाल नवघर पुलिस मामले की अधिक जांच में जुट गई है।

Helpline

सिटीजन रिपोर्टर
78956 78956

होम केबल
022 - 6614 6060

होम नेट
022 - 6621 1333
customerservice@homenet.net

होम टाइम्स
022 - 6614 6050
write2us@hometimes.in

विज्ञापन दें
होम टाइम्स
और
होम केबल
78957 78957
homecableads@gmail.com

उक्त जानकारी के लिए कृपया संबंधित नंबरों पर कॉल करें

## विज्ञापनदाताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना

साप्ताहिक होम टाइम्स में विज्ञापनदाताओं द्वारा विविध प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित किये जा रहे हैं। इस विज्ञापन में जो भी टेक्स्ट छापा जाता है। उसकी पूरी जिम्मेदारी विज्ञापनदाता की है। इस बारे में पाठक खुद जांच परख ले। विज्ञापन के बारे में कानूनन या अन्य मामले में साप्ताहिक होम टाइम्स के व्यवस्थापन मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस परध्यान दिया जाये।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक



‘सुजोक’




डॉ. मोनिशा रावत

# हॉट फ्लैशेज-मेनोपॉज के लक्षण...

## बिना दवा के स्वाभाविक रूप से इलाज और प्रबंधन-१

**जब हॉट फ्लैशेज गंभीर होती है तो वे एक घंटे में चार या पांच बार या दिन भर में २०-३० बार भी हो सकती है-ओमिसिओली**

हॉट फ्लैशेज, महिला के जीवन में मेनोपॉज एक सामान्य लक्षण है। इस चरण के दौरान एस्ट्रोजन के स्तर में कमी के कारण यह स्थिति होती है। ८०% महिलाओं को हॉट फ्लैशेज की स्थिति लगभग २ वर्षों तक बनी रहती है। यह स्थिति उनके दैनिक जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है। शोध अध्ययनों से पता चलता है कि जिन महिलाओं को अधिक हॉट फ्लैशेज की समस्या होती है उनमें हृदय संबंधी बीमारियां और हड्डियों के अधिक नुकसान का खतरा की संभावना अधिक होती है।

**लक्षण**

१. शरीर के उपरी भाग, विशेषकर चेहरे, गर्दन और छाती के तापमान में अचानक थोड़ी देर के लिए वृद्धि होना
२. चेहरे पर लाल, लालिमा
३. दिल की धड़कन तेज होना
४. शरीर के ऊपरी भाग में पसीना आना
५. हाई एंक्साईटी

हॉट फ्लैशेज, १ से ५ मिनट तक रह सकता है और महिलाओं में इसकी आवृत्ति (frequency) और तीव्रता






(intensity) अलग-अलग हो सकती है। यह समस्या रात में भी हो सकती है। (रात में पसीना आना),जिसके कारण लंबे समय तक नींद में खलल पड़ सकता है।

हमारे ‘मोनिशाज मंत्रा’ में हमने कई महिलाओं को बिना दवा और बिना किसी साइड इफेक्ट के निम्नलिखित तरीके से उनके हॉट फ्लैशेज की समस्या को रोकने और उनका इलाज करने में मदद की है।

१. चलना, स्ट्रेचिंग व्यायाम, योग-प्राणायम के रूप में शारीरिक गतिविधियां बढ़ाना।
२. रोजाना ३ बार १० मिनट तक पेट से सांस लेने (डायाफ्रामिक ब्रीदिंग) का अभ्यास करना।
३. गर्म और मसालेदार भोजन, कैफीनयुक्त पेय पदार्थ, शराब, निकोटीन जैसे ट्रिगर से बचना

**इंटरनेशनल सुजोक असोसिएशन (ISA) सर्टिफाइड़ वर्कशाप शेड्युल**
१. ऑनलाइन-सुजोक Six Ki-1(लेवल -III) 11th to 23/10/2023
२. रेसिडेंशियल, मेरिडियेन सुजोक Ki (लेवल -II) 27th to 29/10/2023
LIMITED SEATS. REGISTRATION ON FIRST CUM FIRST BASIS CALL ON-8422948592/8655139777.

### सुजोक थैरापी

**अ) एक्यूप्रेशर –** हाथ की हथेली पर अंडाशय और गर्भाशय से संबंधित क्षेत्र पर, रोजाना ३-४ बार एक मिनट के लिए, हल्के दबाव के साथ मसाज करना (चित्र १ में दर्शायेनुसार)







**ब) सीड़ थैरापी** -रोजाना रात को हाथ कि किसी भी उंगुली के बाहरी निचले हिस्से पर चिपकाने वाले टेप पर राजमा के दाने लगाकर चिपकाना (चित्र २ में दर्शायेनुसार)

**डॉ. मोनिशा रावत- संस्थापक ‘मोनिशाज मंत्रा’मुंबई एवं ग्लोबल वी-केयर फाउंडेशन,** M.Sc., MD (Alternative Medicines), **लाइफ कोच, मास्टर इन सुजोक थैरापी, कन्सल्टिंग न्यूट्रीशनिस्ट, होलेस्टीक काउन्सलर, कारपोरेट ट्रेनर, सुजोक डायबिटीज स्पेशलिस्ट, इंटरनेशनल लेक्चरर फार ‘सुजोक एन्ड स्माईल ताई-जी’. ISA ऑथराईज्ड लेक्चरर फार लेवल - I, II, III & IV**
**Award Winner as a BEST PERFORMING TEACHER by International Sujok Association (ISA) – SIC 2019**
**NATIONAL EXCELLENCE HEALTH AWARD – 2019 During COVID-19**
**Award winner of Inernational Women Excellence Empowerment Award (WEE) – 2020 as a RISING STAR**
**Award winner of India Best Therapist Award for the Year 2021 by MKSS**
**Award Winner of ET CHANGE MAKER-2022 for Health & Wellness powered by Economic Times-Ascent & Navbharat Times**
**An ISO Certified Centre at Mumbai**
**Mulund- +91 8655139777/ 9029960086, Goregaon - +91 8433947592/9820343592**



सुनिता देसाई

# राशिफल

Saturday, 23rd Sept to 29th Sept 2023

२००३ से टैरोट रीडिंग कर रही हैं। इसके अलावा वे ग्रॉंड मास्टर इन रेकी, चार लेवल इन चक्रा मेडिटेशन, मास्टर इन मर्मा, जि.पी इन शियात्शु, क्रिस्टल और पिरामिड एक्सपर्ट, मास्टर ऍक्युप्रशरिस्ट,अरोमा थेरॉपिस्ट, प्राणिक हीलर, औरा रीडर और वर्च्यू प्रैक्टिश्नर हैं। व्यक्तिगत सलाह के लिए मिलें.

**+91 93234 30355 desaisunita02@gmail.com**




■ **मेष** (अ, ल, इ)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह आपकी भावनाएं समय-समय पर बदलती रहेंगी और आपको अपने आस-पास के लोगों से कुछ शिकायतें रहेंगी। **सलाह:** १) ध्यान और किसी पवित्र स्थान की यात्रा से आपको मदद मिलेगी। २) नारंगी रंग का प्रयोग करें और आसमानी रंग से बचें। ३) अपने आत्मविश्वास पर ध्यान दें ।




■ **वृषभ** (ब, व, य)
**भविष्यवाणी:** आप कुछ नया सीखेंगे जो आपको कई मायनों में मदद करेगा। आपका वित्त ठीक है।
**सलाह:** १) कुछ इस्तेमाल की हुई चीजें जरूरतमंदों को दान करें। २) लाल रंग का प्रयोग करें और हरी चीजें खाएं। ३) अपने लालच पर ध्यान दें ।




■ **मिथुन** (क, च, ज)
**भविष्यवाणी:** आपको अपनी परिस्थितियों या समस्याओं पर विजय मिलेगी और शांति मिलेगी।
**सलाह:** १) किसी ऐसे व्यक्ति से मदद लें जिस पर आपको भरोसा हो। २) पीले रंग और सोने के आभूषणों का प्रयोग करें। ३) अपने निर्णयों पर ध्यान दें।




■ **कर्क** (ड, च, ह)
**भविष्यवाणी:** आपको अच्छी रकम मिलेगी और उसका उचित उपयोग होगा।
**सलाह:** १) दयालु और अधिक उदार बनने का प्रयास करें। २) हरे रंग का प्रयोग करें और मिठाइयों से परहेज करें। ३) अपने भरोसे पर ध्यान दें।




■ **सिंह** (म, ट)
**भविष्यवाणी:** आप देखेंगे कि कई चीज़ें सुचारू रूप से चल रही हैं और आपको मानसिक शांति मिलेगी।
**सलाह:** १) नकारात्मक और अशिष्टता से प्रतिक्रिया न करें।२) दूसरे लोगों और उनकी सलाह सुनें। ३) अपने निर्णयों पर ध्यान दें।




■ **कन्या** (प, ठ, ण)
**भविष्यवाणी:** अतीत में की गई गलतियों के कारण आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आपका साहस आपकी मदद करेगा। **सलाह:** १) स्वार्थी लोगों के पीछे मत भागो। दूरी रखो। २) गुलाबी वस्तुओं का प्रयोग करें और फलों का सेवन करें। ३) अपनी भूख पर ध्यान दें।




■ **तुला** (र, त)
**भविष्यवाणी:** आप कई मामलों में अपनी गलतियों और देरी को सुधारने के लिए काफी मजबूत होंगे।
**सलाह:** १) अपनी कल्पनाओं और क्रोध पर नियंत्रण रखें। २) जब आप कुछ करते हैं या कहते हैं तो परिणामों की कल्पना करें। ३) अपने विचारों पर ध्यान दें।




■ **वृश्चिक** (न, य)
**भविष्यवाणी:** यह सप्ताह आपको आनंद देगा और आप जो करेंगे, उसकी कई लोग सराहना करेंगे।
**सलाह:** १) अपनी भावनाओं और संबंधों पर नियंत्रण रखें। २) कोई भी काम आधा अधूरा न छोड़ें। ३) अपने गुस्से पर ध्यान दें ।




■ **धनु** (भ, ड, फ, ठ)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह धन में कुछ सुधार होगा और आपका दृष्टिकोण आपकी मदद करेगा।
**सलाह:** १) नकारात्मक होने पर अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। २) पीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने काम पर ध्यान दें ।




■ **मकर** (ख, ज)
**भविष्यवाणी:** आप कई मामलों में खुद को शक्तिशाली महसूस करेंगे और लोग आपका समर्थन करेंगे।
**सलाह:** १) अपने पुराने कपड़े जरूरतमंद लोगों को दान करें। २) गुलाबी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने लक्ष्य पर ध्यान दें।




■ **कुंभ (ग, स, श)**
**भविष्यवाणी:** आप कई बार भ्रमित होंगे। सफलता तो मिलेगी लेकिन कुछ अतिरिक्त दबाव के साथ।
**सलाह:** १) कुछ भी नया करने से पहले दो बार सोचें। २) लाल रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने प्यार और देखभाल पर ध्यान दें ।




■ **मीन** (द, च, झ)
**भविष्यवाणी:** मानसिक शांति और संतुष्टि पाने का कोई बेहतर तरीका आपको मिलेगा।
**सलाह:** १) बहस से बचें और लोगों की राय समझने की कोशिश करें। २) गहरे नीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने विश्वास पर ध्यान दें ।

# टेलीग्राम पर टास्क देकर नागरिकों से ठगी किए जाने वाले गिरोह का मुलुंड पुलिस ने किया भंडाफोड़

## नाइजीरियन समेत ५ आरोपी गिरफ्तार

■ होम टाइम्स टीम

टास्क कर के घर बैठे अच्छे पैसे कमाने का लाल क देकर नागरिकों से ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ मुलुंड पुलिस की ओर से किया गया है। इसकी रह में एक नाइजीरियन समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से कई मोबाइल फोन लैपटॉप और सिम कार्ड भी जप्त कर लिए गए हैं। फिलहाल सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में है।

इन दिनों टेलीग्राम पर टास्क करके अच्छे पैसे कमाने का लालच देकर नागरिकों से ठगी किए जाने के मामलों में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। कुछ महीनो पहले मुलुंड निवासी महिला को इसी तरीके से एक फर्जी मैसेज भेज कर उसे लाखो रुपए की ठगी की गई थी। इस मामले की जांच के दौरान मुलुंड पुलिस की ओर से इस गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। इस रैकेट में एक नाइजीरियन आरोपी भी शामिल है। मुलुंड पुलिस की तरफ से बेंगलुरु से ३४ वर्षीय मोहम्मद कादर, को और उसके बाद उनके अन्य साथी ३४ वर्षीय अजय पाठक, ४२ वर्षीय इमरान खान, ५२ वर्षीय जाकिर अंसारी को नालासोपारा से और ४३ वर्षीय नाइजीरियन सोपुलू सैमुअल को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुलुंड पुलिस ने इन आरोपियों के पास से १४ एटीएम कार्ड, १३ चेक बुक, ४ पासबुक, २० मोबाइल फोन, २ लैपटॉप और ११ सिम कार्ड भी बरामद किए हैं। परिमंडल ७ के पुलिस उपायुक्त पुरुषोत्तम कराड के मार्गदर्शन में और मुलुंड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कांतिलाल कोथिंबीरे के नेतृत्व में पुलिस उपनिरीक्षक शिवानंद आपुने और उनकी टीम की ओर से इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल इन आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है



# पुलिस की गुंडों पर नजर

## पुलिस द्वारा ऑन रिकार्ड अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान शुरू

■ होम टाइम्स टीम

गणेशोत्सव के दिनों में कानून-व्यवस्था की कोई समस्या न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने अपनी कमर कस ली है। मुलुंड पुलिस ने ऐसी स्थिति पैदा करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। गणेशोत्सव के दौरान कोई अनहोनी घटना न हो इसके लिए मुलुंड पुलिस ने गुंडों पर नजर रखनी शुरू कर दी है। कुछ को एहतियात के तौर पर हिरासत में भी लिया गया है। इसके लिए कुछ को नोटिस दिया गया है।

मुंबई में इस समय गणेशोत्सव की धूम है। ऐसे में गणेशोत्सव के अवसर पर बाहर गए नागरिकों के बंद घरों में सेंधमारी के साथ-साथ भीड़ का फायदा उठाकर चोरी करना, छोटे-मोटे कारणों से झगड़ा करना भी कई तरह की घटनाएं होती रहती है। हालांकि पुलिस ऐसे अपराध करने वाले अपराधियों पर नजर बनाए रखी है।

पुलिस ऐसे रिकॉर्ड पर रहे अपराधियों पर कड़ी नजर रख रही है। जिन आरोपियों पर दो या दो से अधिक अपराध दर्ज हैं, उन्हें पुलिस ने अपने रिकार्ड में ले लिया है। ऐसे आरोपियों के आवासीय पते पर जाकर उन्हें इस थाने में बुलाया जा रहा है और उन पर निगरानी रखी जा रही है। . इसके साथ ही ऐसे अपराधियों पर भी नजर रखी जा रही है जो हाल ही में किसी अपराध में शामिल नहीं हैं. अपराधियों को अपराध की प्रकृति के आधार पर नोटिस दिया जा रहा है। कुछ को गणेश चतुर्थी अवधि तक सीधे पुलिस स्टेशन में बुलाया जा रहा है। जिन लोगों के नाम पर गैंगवार, घरों में चोरी, लड़ाई-झगड़े जैसे अपराध हैं और जो मुलुंड इलाके में रहते हैं, उन पर खास नजर रखी जा रही है। मुलुंड ईस्ट में कई लोगों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की गई है। मुलुंड पश्चिम में भी कुछ लोगों के पर कार्रवाई की गई है। गणेशोत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था बरकरार रहे और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम कारगर साबित हो रहा है।

# नवजात शिशु को १४ वी मंजिल से फेंकने के जुर्म में मां के खिलाफ दर्ज किया गया मामला

■ होम टाइम्स टीम

मां द्वारा अपने ही ३९ दिन की बच्ची को इमारत के १४ वीं मंजिल से फेंकने की दिल दहला देने वाली घटना मुलुंड पश्चिम में सामने आई है। इस घटना के सामने आने से मुलुंड और आस पास के परिसर में सनसनी फैल गई है। फिलहाल मुलुंड पुलिस ने मृतक की मां पर आईपीसी की धारा ३०२ के तहत मामला दर्ज कर लिया है और अधिक तहकीकात जारी है।

मुलुंड पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार मनाली अपने पति के साथ सूरत में रहती है। निजी कारणों के चलते मनाली अपने ३९ दिन के नवजात के साथ मुलुंड पश्चिम झवेर रोड पर अपनी मां के घर रहने आई थी। दिसंबर २०२२ मनाली के पिता का देहांत हो गया था। जिसके बाद से मनाली मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। बुधवार की रात हर दिन की तरह मनाली मेहता अपने घर पर सो रही थी। अगले दिन यानी गुरुवार को जब इस इमारत के पहले मंजिल पर रहने वाले व्यक्ति ने खिड़की खोली तब उसने देखा की योगेश बिल्डिंग स्थित फोटो स्टूडियो की छत पर एक नवजात शिशु की लाश पड़ी है। जिसके बाद १०० नंबर पर फोन कर के पुलिस को इसकी जानकारी दी गई और मौके पर पहुंच कर ३९ दिन के नवजात शिशु की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस बारे में जब मुलुंड पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया की नवजात शिशु का नाम हाशवी बताया जा रहा है। मृतक की मां मनाली मूक बधिर आरोपी है और उसके पिता के देहांत के बाद मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। मुलुंड पुलिस की तरफ से मनाली पर आईपीसी की धारा ३०२ के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की अधिक जांच जारी है।

CALL CENTER
**022 66211333**

E-MAIL ID
**customerservice@homenet.net**

FACEBOOK MESSENGER
**HomeNet / @homenet.net**

**Facebook Messenger Scan Code**: To get in touch, simply scan a code using the Messenger app.

Home Net

**HOME NET**
**www.homenet.net**

WOW!
DOUBLE MAZZA!! uploads & downloads at same speed, since 2010 now @ ₹194/-*
Pay For 6 Months & Get Additional 7 Months Free
67 PE OFFER

## TRULY UNLIMITED SPEED PLANS

| PLAN NAME | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|
| 20 Mbps Unlimited | 500/- | NOW 231/-* | 3000/- |
| 30 Mbps Unlimited | 600/- | NOW 276/-* | 3600/- |
| 40 Mbps Unlimited | 720/- | NOW 332/-* | 4320/- |
| 50 Mbps Unlimited | 850/- | NOW 392/-* | 5100/- |
| 60 Mbps Unlimited | 985/- | NOW 455/-* | 5910/- |

## UNLIMITED POWER PLANS

| PLAN NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|---|---|
| 40 Mbps till Allotted Data | 250 | 20 Mbps | 600/- | NOW 277/-* | 3600/- |
| 60 Mbps till Allotted Data | 500 | 30 Mbps | 750/- | NOW 346/-* | 4500/- |

UPLOAD OR DOWNLOAD @SAME SPEED
99% UPTIME
- Affordable Rates
- Super speed Upto 100 mbps
- Customer support Android / IOS app
- Online Payments
- Customer care 9 am - 12 midnight

67 PE OFFER

## NEWLY LAUNCHED - FIBER TO THE HOME TECHNOLOGY

HOME FIBER powered by HomeNet

UNLOCK YOUR SUPERPOWER

## INTRODUCTORY HOME FIBER PACKS

UPGRADE YOUR EXISTING HOME NET TO NEW FIBERNET EXPERIENCE WITH ZERO INSTALLATION COST**

For New Customers installation charges of Rs.500/-* applicable

### HOME FIBER TRULY UNLIMITED SPEED PACKS

| PACK NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | EFFECTIVE MONTHLY RATE | 360 DAYS |
|---|---|---|---|---|
| 35 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 337/-* | 4040/- |
| 50 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 421/-* | 5050/- |
| 75 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 505/-* | 6060/- |
| 100 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 589/-* | 7070/- |

Many more Speed Pack options available up to 500 Mbps

** offer available only at the FTTH G / EPON Ready Building

TO AVAIL THIS INTRODUCTORY OFFER IN YOUR SOCIETY PLEASE COME TO US WITH A MINIMUM GROUP OF 15 CONNECTIONS

- SYMMETRIC SPEED
- SUPER SPEED PACK UP TO 500MBPS
- EASY LOCAL APPROACH FOR ISSUE RESOLUTION
- FASTER VISITS FOR TECHNICAL SOLUTIONS
- NO VISIT CHARGES FOR ISSUES & COMPLAINTS

Customer Portal **login.homenet.net**
Customer Service Mobile App **Log2Space - HomeNet**
Download on the App Store | GET IT ON Google Play

FOR NEW CONNECTIONS OR QUERIES CALL
**Call - 75067 96562, 88790 00724, 88790 00720, 88794 47839**
**MULUND** - A / 16, Gaurav Annex, R.R.T Road, Mulund (W), Mumbai - 400 080. Tel.: 022 662 11 333

MALAD • COLABA • VASHI • NERUL • THANE • AIROLI • ASANGAON • VASIND

*conditions apply


Printer, Publisher& Owner : **Hemanshu Girish Kothari**& Printed at Dangat Media Pvt. Ltd, Plot No.22, Digha MIDC, Vishnu Nagar, TTC Industrial Area, Digha, Navi Mumbai. Published at G/4, Landmark Appartment, Devidayal Cross Road, Mulund (W), Mumbai - 80.**Home Times** (Office): - 6th Floor, Flora Point, S.N. Road, Near Mulund Court, Mulund (W), Mumbai-80. **Editor : Hemanshu Girish Kothari** ● **RNI No. MAHHIN/2016/75969**